# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.02.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 08.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 08.02.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 08.02.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## श्रीमान आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल महोदय द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कबरई में मौजूद रहकर फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सम्बन्ध में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक- 08.02.2025 को श्रीमान आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, श्री अजीत कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कबरई में मौजूद रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की गई।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह की मौजूदगी में फरियादियों से संवाद कर उनकी शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना गया एवं फरियादियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किये जाने हेतु मौके पर मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर टीम को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि./रा. श्री रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, प्र0नि0 कबरई श्री राधेश्याम वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।

## थाना समाधान दिवस

@MahobaPolice




श्रीमान आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, श्री अजीत कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कबरई में मौजूद रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की गई।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह की मौजूदगी में फरियादियों से संवाद कर उनकी शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना गया एवं शिकायत निस्तारण के प्रति उनको आश्वस्त करते हुए प्राप्त हुई जन शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किए/कराए जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधि./कर्म. को मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## SPEL प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को थाना समाधान दिवस व सम्पूर्ण समाधान दिवस की जानकारी प्रदान की गयी-

जनपद महोबा में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्पेल प्रोग्राम के तहत आज दिनांक- 08.02.2025 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर चयनित छात्र-छात्राओं को उपजिलाधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के साथ संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस दौरान प्रशिक्षण हेतु चयनित छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा जनसमस्याओं के अनुश्रवण व उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए/कराये जाने के उद्देश्य से माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस तथा द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को थानों में थाना समाधान दिवस के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी है।

इस दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना समाधान दिवस पर, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से जनसमस्याओं को सुना जाता है।

इन दिवसों में प्राप्त हुई शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाता है.

इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करते हैं, शिकायतों का फ़ीडबैक शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर वार्ता करके लिया जाता है।

इस दौरान उपजिलाधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, म0उ0नि0 शिबांगी गुप्ता, कं0 ऑपरेटर अभिषेक वर्मा सहित प्रशिक्षण हेतु चयनिय छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



